**खबर संक्षेप**

## ग्राम पंचायत पडवार में भ्रष्टाचार की होली

**मानपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पडवार में सरकारी योजनाओं की राशि पर जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। सरकार भले ही डिजिटल इंडिया और सुशासन का दावा करे, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। यहां पंचायत सचिव सुरेश जायसवाल पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी बिलों और काल्पनिक आपूर्तिकर्ताओं के नाम पर लाखों रुपए का घोटाला कर दिया है, जबकि अधिकारी मूकदर्शक बन तमाशा देख रहे हैं।जानकारी के अनुसार सचिव द्वारा गणेश प्रिंटर प्रिंटिंग, श्री भागवत एजेंसी, समीम ट्रेडर्स, और राकेश कुमार बर्मन जैसे नामों से संदिग्ध बिल प्रस्तुत किए गए हैं। इसमें 4 अगस्त को 2000 रुपए, 8 मई को 5428 रुपए, 18 अगस्त 2024 को 6000 रुपए, 4 जून 2025 को 3500 रुपए और 16 मई 2025 को 9695 रुपए के भुगतान किए गए हैं। इनमें से कई बिल ऐसे हैं जिनमें ब्लर या अस्पष्ट विवरण है, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि पंचायत निधि से बिना किसी कार्य के फर्जी भुगतान किया गया।ग्रामीणों ने बताया कि सचिव और सरपंच ने मिलकर सीसी रोड, पहुंच मार्ग और समतलीकरण कार्यों को कागजों पर पूरा दिखा दिया, जबकि जमीनी स्तर पर काम अधूरा है। कई वाउचर ऐसे लोगों के नाम पर बनाए गए हैं जो या तो गांव में रहते ही नहीं या फिर उनका इन कार्यों से कोई लेना-देना नहीं है। क्षेत्रीय जनमानस का आरोप है कि सचिव ने शासन की राशि को अपनी तिजोरी में बदल लिया है। ग्रामीणों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि फर्जी बिल, वाउचर और भुगतान प्रक्रिया की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए।स्थानीय लोगों ने कहा कि यह सिर्फ कागजी भ्रष्टाचार नहीं बल्कि विकास की हत्या है। सरकार की लाख निगरानियों और पोर्टल मॉनिटरिंग के बावजूद सचिवों द्वारा योजनाओं को लूट का माध्यम बना लेना यह दिखाता है कि जनपद स्तर पर नियंत्रण और जवाबदेही पूरी तरह फेल है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जांच शीघ्र नहीं हुई, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। अब देखना यह है कि शासन इस खुलेआम भ्रष्टाचार पर क्या कार्रवाई करता है या एक बार फिर फाइलों में सच दबा दिया जाएगा।

## कप्तान ने चार कर्मियों को किया लाइन हाजिर

**शहडोल।** जिले के बुढार थाना क्षेत्र के केशवाही चौकी में हुई एक घटना ने पुलिस के भीतर अनुशासन और जनता के प्रति व्यवहार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल ही में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान पत्थरबाजी और झड़प की घटना के बाद एक युवक को गिरफ्तार करते समय पुलिसकर्मियों की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में चौकी केशवाही में तैनात सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर पांडे, रामनरेश यादव, मलीकंठ यादव और मनोज को युवक को पीटते हुए और जबरन वाहन में बैठाते हुए देखा जा सकता है।घटना की पृष्ठभूमि यह है कि जुलूस के दौरान पत्थरबाजी हुई, जिसमें तीन महिलाओं को चोट आई। इसके बाद स्थानीय लोग विरोध में इक_ा हुए और नगर बंद कर प्रदर्शन किया। विरोध करते समय पुलिस और नागरिकों के बीच धक्का-मुक्की और झड़प हुई। पुलिस ने मामले में 10 लोगों पर शासकीय कार्य में बाधा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। घटना का वीडियो वायरल होते ही शहडोल पुलिस अधीक्षक ने तत्काल संज्ञान लिया और चारों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। एसपी ने कहा कि किसी भी स्थिति में पुलिसकर्मी अपने अधिकारों का दुरुपयोग नहीं कर सकते हैं और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शहडोल मेडिकल कॉलेज में लापरवाही का ज़हर




**प्रबंधन आंकड़ों की बाजीगरी में व्यस्त, खरीदी और जांच प्रक्रिया पर पर्दा डालने की कोशिश**

**ऑपरेशन से पहले लगा सॉल्यूशन अब झुलसा रहा मरीजों की स्किन!**

**शहडोल।** संभाग मुख्यालय के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वास्थ्य तंत्र की एक और शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। ऑपरेशन से पहले संक्रमण से बचाव के लिए लगाए जाने वाले एंटीसेप्टिक सॉल्यूशन से मरीजों की स्किन झुलस रही है, फफोले पड़ रहे हैं और घाव बन रहे हैं। लेकिन मेडिकल कॉलेज प्रबंधन है कि लापरवाही पर परदा डालने में जुटा है। डीन का कहना है कि यह मामूली एलर्जी थी, लेकिन वार्डों में भर्ती मरीजों की हालत और उनके परिजनों के दर्द भरे बयान कुछ और ही कहानी कह रहे हैं। अस्पताल के सूत्रों की मानें तो महीने भर में करीब 30 से 40 मरीजों को इस सॉल्यूशन के उपयोग के बाद स्किन रिएक्शन हुआ है। कई प्रसूताओं के शरीर पर फफोले पड़ गए हैं, जिनसे रिसाव और जलन लगातार बनी हुई है। इन मरीजों का इलाज तो जारी है, लेकिन अस्पताल की कार्यशैली सवालों के घेरे में है, आखिर जांच रिपोर्ट क्यों दबाई जा रही है और खरीदी से जुड़ी जानकारी क्यों छिपाई जा रही है?

**महीने में 30 से 40 केस, फिर भी सब ठीक का दावा!**











### एक ही बैच से फैला रासायनिक जहर

खबर है कि सभी प्रभावित मरीजों पर एक ही बैच के सॉल्यूशन का उपयोग किया गया था। उस बैच को अब वापस ले लिया गया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या उस सॉल्यूशन का उपयोग शुरू करने से पहले उसकी उपयोगिता प्रमाण पत्र और टेस्टिंग रिपोर्ट जांची गई थी या नहीं? ड्रग कंट्रोलर को रिपोर्ट भेजने का दावा तो किया गया है, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि सॉल्यूशन में कौन सा रासायनिक घटक एलर्जी का कारण बना। डीन ने कहा यह स्पोरेडिक केस है, यानी कभी-कभी होने वाली हल्की प्रतिक्रिया, लेकिन यह बयान तब और संदिग्ध लगता है जब हर हफ्ते 10 से ज्यादा केस सामने आने लगे हैं। सवाल उठता है कि क्या यह कभी-कभी है या फिर लगातार होने वाली लापरवाही?




### प्रबंधन के आंकड़े बनाम ज़मीन की हकीकत

डीन का दावा है कि सालभर में करीब 5 हजार मरीजों पर यह सॉल्यूशन लगाया गया और केवल 10-12 को हल्की एलर्जी हुई, लेकिन मेडिकल कॉलेज के भीतर की स्थिति इससे बिल्कुल उलट है। नर्सिंग स्टाफ और कुछ चिकित्सकों का कहना है कि केवल पिछले दो महीनों में ही तीन दर्जन से ज्यादा मरीजों को स्किन रिएक्शन हुआ है। फिर सवाल यह भी उठता है कि अगर मामला मामूली था तो इतने मरीज अब भी भर्ती क्यों हैं? स्थानीय सूत्रों ने खुलासा किया है कि प्रबंधन ने पूरे विभाग को चुप रहने के मौखिक निर्देश दिए हैं। डॉक्टरों और कर्मचारियों से कहा गया है कि मीडिया से कुछ न कहें, मामले को बढ़ावा न दें। वहीं सॉल्यूशन खरीदी से जुड़ी फाइलें भी गायब बताई जा रही हैं।

### खरीदी प्रक्रिया पर उठ रहे हैं गंभीर सवाल

मेडिकल कॉलेज प्रबंधन यह बताने से बच रहा है कि यह सॉल्यूशन किस कंपनी से खरीदा गया, उसका सप्लायर कौन है और क्या मेडिकल स्टोर वेंडर ने वैध टेस्टिंग रिपोर्ट दी थी। सूत्र बताते हैं कि मेडिकल कॉलेज में एंटीसेप्टिक, ड्रेसिंग सामग्री और सर्जिकल दवाओं की खरीद अक्सर स्थानीय ठेकेदारों के माध्यम से बिना गहन जांच के की जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ प्रतीत होता है, जहां सबसे सस्ता सामान खरीदने के नाम पर मरीजों की त्वचा दांव पर लगा दी गई।

### प्रसूताओं के दर्द पर खामोशी

वार्डों में भर्ती कई महिलाओं ने बताया कि उन्हें प्रसव के आठ-दस दिन बाद स्किन पर लाल चकत्ते और फफोले हुए। पहले हल्की जलन थी, फिर घाव बन गए। डॉक्टर बस क्रीम लगा रहे हैं, लेकिन ठीक नहीं हो रहा, एक परिजन ने कहा इन महिलाओं का दर्द इसलिए भी बढ़ा है क्योंकि यह सब अस्पताल की लापरवाही से हुआ, जहां इलाज के नाम पर इंफेक्शन मिटाने वाला सॉल्यूशन ही जहर साबित हुआ।

### सवाल जो जवाब मांगते हैं

क्या खरीदे गए सॉल्यूशन की प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट मौजूद है? क्या मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने इस घटना की सूचना तत्काल ड्रग कंट्रोलर और स्वास्थ्य विभाग को दी? अगर यह मामूली एलर्जी थी, तो मरीजों को भर्ती क्यों किया गया? और अगर यह गंभीर था तो जिम्मेदारी तय क्यों नहीं हुई?

### जांच के नाम पर खानापूर्ति

फिलहाल मेडिकल कॉलेज प्रशासन जांच चल रही है, कहकर खुद को बचा रहा है। मगर हकीकत यह है कि किसी भी स्तर पर पारदर्शिता नहीं दिखाई जा रही। न खरीदी का ब्यौरा, न कंपनी का नाम, न रिपोर्ट सबकुछ गोपनीय रखा जा रहा है। लोगों में यह सवाल गूंज रहा है कि क्या यह भी किसी और घोटाले की कड़ी है? छिंदवाड़ा में हाल ही में बच्चों की मौत के बाद अब शहडोल में एंटीसेप्टिक सॉल्यूशन का यह मामला स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर करारा तमाचा है।

# शहडोल में वर्दी पर दाग

### पुलिसकर्मियों पर रिश्वत मांगने और अभद्रता के आरोप

**शहडोल।** जिले के सिंहपुर क्षेत्र से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपते हुए दो पुलिसकर्मियों देवेन्द्र पाण्डेय और एस.एन. पाण्डेय पर तीस हजार रुपये की अवैध वसूली की मांग और झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

पीड़ित ने अपने आवेदन में लिखा है कि कुछ दिन पहले उनके एक रिश्तेदार ने घर में घुसकर उनकी पत्नी के साथ अशोभनीय हरकत की थी। उन्होंने इसे पारिवारिक मामला समझकर थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी, लेकिन 6 अक्टूबर 2025 को दोपहर लगभग 2 बजे पुलिस अचानक उनके घर पहुंची और बिना कोई कारण बताए उन्हें थाने ले गई।

थाने में कथित रूप से पुलिसकर्मियों ने कहा तीस हजार रुपये दे दो, नहीं तो तुम्हारे और तुम्हारी पत्नी दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर अंदर कर देंगे, कोई छुड़ा नहीं पाएगा। फरियादी के मुताबिक पुलिसकर्मी मनीष ने भी उन्हें फोन नंबर 8878157079 से कॉल कर 25 से 30 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने रिश्वत मांगने की फोन रिकॉर्डिंग भी साक्ष्य के रूप में सुरक्षित रखी है।फरियादी ने शिकायत में लिखा है कि इस घटना से उनका पूरा परिवार डर और मानसिक तनाव में है। उन्हें यह भय सता रहा है कि कहीं झूठे प्रकरण में फंसाकर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा नष्ट न कर दी जाए। स्थानीय नागरिकों में भी इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब कानून की रखवाली करने वाले ही सौदेबाजी पर उतर आएं, तो आम जनता कहां न्याय की उम्मीद लगाए? ग्रामीणों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मियों के निलंबन एवं गिरफ्तारी की मांग की है। जिले के कई सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना को लेकर पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि एसपी स्तर से तत्काल जांच नहीं हुई, तो मामला जनआंदोलन का रूप ले सकता है। वहीं पुलिस विभाग की साख पर लगे इस दाग ने पूरे जिले में हलचल मचा दी है, सवाल उठ रहा है कि वर्दी की आड़ में कब तक चलता रहेगा यह रिश्वतखोरी का खेल?

# मिनी ब्राजील बना विचारपुर, अब जर्मनी में दिखेगा फुटबॉल का जलवा

### गांव के पांच खिलाड़ी और कोच लक्ष्मी सहीस अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण में शामिल



**शहडोल।** जिले का छोटा-सा ग्राम विचारपुर अब पूरे देश में मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बना चुका है। फुटबॉल के प्रति यहां का जुनून और समर्पण अब अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गया है। यहां तीन वर्ष के बच्चों से लेकर 25 वर्ष तक के युवक-युवतियां रोजाना फुटबॉल मैदान में अभ्यास करते नजर आते हैं। कोच अनिल सिंह गोंड जो खुद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी और वर्तमान में रेलवे में पदस्थ हैं, विचारपुर व आसपास के गांवों के युवाओं को निः शुल्क कोचिंग देते हैं। उन्होंने बताया कि 1978-79 में सुरेश कुण्डे, फकरिया कुण्डे और मुरलीधर कुण्डे ने गांव में फुटबॉल की नींव रखी थी। इसके बाद 2002 में आईएनएस कोच रईस अहमद ने प्रशिक्षण की नई शुरुआत की, जिससे अब तक 7-8 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं। इनमें मानस गुप्ता, साका बैगा, सपना गुप्ता, ऐकता रजक और सानिया परस्ते जैसे नाम शामिल हैं।वर्तमान में खिलाडय़ों को नरेश कुण्डे, नीलेन्द्र कुण्डे, शंकर दाहिया, रजनी सिंह, यशोदा सिंह, सीताराम सहीस, भीमसेन कोल तथा खेल विभाग के कोच अजय कुमार सोंधिया प्रशिक्षण दे रहे हैं। यहां खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत स्मॉल ट्रेनिंग सेंटर भी संचालित है, जिसकी कोच लक्ष्मी सहीस स्वयं राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं। लक्ष्मी सहीस का चयन जर्मनी में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रशिक्षण के लिए हुआ है, जहां वे 4 से 12 अक्टूबर 2025 तक प्रतिष्ठित क्लब के कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ के निर्देशन में आधुनिक फुटबॉल तकनीक सीख रही हैं। उनके साथ विचारपुर के पांच खिलाड़ी सानिया कुण्डे, सुहानी कोल, प्रीतम कुमार, वीरेंद्र बैगा और मनीष घसिया भी इस प्रशिक्षण में शामिल हैं। जर्मनी में यह दल फिटनेस, टीम रणनीति, टैक्टिकल गेम प्लानिंग और मानसिक मजबूती की उन्नत तकनीक सीख रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर विचारपुर के ये युवा अब प्रदेश ही नहीं, भारत का नाम रोशन करने को तैयार हैं।

# ब्यौहारी स्टेशन निरीक्षण पर डीआरएम से कांग्रेसियों का सामना





### अमृत भारत योजना के नाम पर घटिया काम पर उठे सवाल

शहडोल। अमृत भारत योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों में लापरवाही और घटिया निर्माण की शिकायतों के बीच जबलपुर जोन के डीआरएम आनंद कुमार अचानक ब्यौहारी रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्पेशल ट्रेन से पहुंचे डीआरएम ने स्टेशन परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और मौके पर कई खामियां सामने आने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने प्लेटफॉर्म पर लगे कोटा स्टोन, बाहर के पेवर ब्लॉक और साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए।

डीआरएम आनंद कुमार ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत ब्यौहारी स्टेशन का कायाकल्प आधुनिक सुविधाओं के साथ किया जा रहा है, लेकिन कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। जहां भी निर्माण में कमी पाई जाएगी, उसे तुरंत सुधारने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान डीआरएम के निरीक्षण स्थल पर स्थानीय कांग्रेसी नेताओं और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्र की कई प्रमुख रेल मांगों को रखा गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आमजन, विद्यार्थी और व्यापारियों की सुविधा के लिए सिंगरौली-भोपाल ट्रेन को इंदौर तक बढ़ाया जाए, अमरावती-नागपुर-जबलपुर ट्रेन को सिंगरौली तक संचालित किया जाए और संतरागाछी एक्सप्रेस का ठहराव ब्यौहारी में सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा ज्ञापन में गोदावल हरिजन बस्ती के पास ओवरब्रिज निर्माण, प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर शौचालय और स्टेशन परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की गई। कांग्रेसियों ने स्टेशन में स्वच्छता व्यवस्था और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाए। ज्ञापन सौंपने वालों में हरिशंकर कोरी, चिरौंजीलाल चंचलानी, जितेंद्र पटेल, पिंटू त्रिपाठी, बसंत साहू, कमला कोरी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि अमृत भारत योजना के नाम पर चल रहा निर्माण कार्य कागजों में गुणवत्तायुक्त बताया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है। यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो जनता सडक़ से लेकर संसद तक आंदोलन करेगी। डीआरएम आनंद कुमार ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेने का आश्वासन देते हुए कहा कि रेलवे यात्रियों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और सभी खामियां जल्द दूर की जाएंगी।

### इनका कहना है...

अमृत भारत योजना के तहत इरकान कम्पनी ने अलग-अलग कई ठेकेदारों को पेटी कान्टैक्ट में काम दे रखा है। रेलवे परिसर में जो निर्माण कार्य चल रहा है, उसकी सतत मानिटरिगं रेलवे का इंजीनियरिंग विभाग करता है। बिल्डिंग पूरी गुणवत्ता के साथ बनाई जाऐ। जिसका रेलवे विभाग विशेष ध्यान रखता है। जो कमियां हैं, उसे जल्द पूर्ण किया जाएगा। सरकार की प्राथमिकता अनुसार यहां के नागरिकों को महानगर की तरह एक हाईटेक स्टेशन की सौगात मिल रही है।

**मानसिंह मीना**
**एस.एस.रेलवे**

# युवा उत्सव 2025-26 का रंगारंग आगाज़



**शहडोल।** पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में युवा उत्सव 2025-26 का शुभारंभ बुधवार को उत्साह और उल्लासपूर्ण माहौल में हुआ। पहले ही दिन विश्वविद्यालय परिसर रचनात्मकता, कला और युवाओं की ऊर्जा से सराबोर नजर आया। दिनभर चली प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी प्रतिभा, टीम भावना और सांस्कृतिक विविधता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरु प्रो. रामशंकर की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर प्रो. आशीष तिवारी (कुलसचिव), प्रो. प्रमोद कुमार पाण्डेय (अधिष्ठाता, छात्र कल्याण) और प्रो. गीता सराफ (परिसर प्रभारी) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक प्रो. मनीषा तिवारी और सह-संयोजक डॉ. गंगाधर ढोके ने किया। अपने प्रेरक संबोधन में कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। ऐसे उत्सव न केवल प्रतिभा को निखारते हैं बल्कि नेतृत्व और सामूहिकता की भावना को भी सशक्त बनाते हैं। कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी ने कहा कि युवा उत्सव सांस्कृतिक चेतना और सौहार्द का जीवंत प्रतीक है, जबकि अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने इसे युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने वाला मंच बताया।

दिनभर आयोजित प्रतियोगिताओं में रंगोली और क्ले मॉडलिंग (संयोजन डॉ. सुषमा नेताम), स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, कार्टून और पोस्टर मेकिंग (डॉ. पूर्णिमा शर्मा) तथा एकांकी, मिमिक्री, मूक अभिनय और स्किट (डॉ. रूचि सिंह) शामिल रहीं। छात्रों ने सामाजिक और समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें सृजनशीलता के साथ संवेदनशीलता का सुंदर संगम दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान परिसर उत्सवमय रहा। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रो. सुनीता बाथरे, प्रो. चेतना सिंह, प्रो. अनिल गुप्ता, डॉ. रजनी गौतम, डॉ. प्रज्ञा यादव, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. धानी जामोद और डॉ. संगीता धुर्वे उपस्थित रहे। पहले दिन का आयोजन विश्वविद्यालय के लिए सृजन, उत्साह और युवा ऊर्जा का जीवंत प्रतीक बन गया।

## खबर संक्षेप

### कालिदास प्रतियोगिता में संदिपनी विद्यालय की छात्रा प्रथम

**बरही।** तहसील अंतर्गत करेला में संचालित संदीपनी विद्यालय में मध्यप्रदेश शासन लोक शिक्षण संचनालय भोपाल एवं संस्कृत विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय कालिदास समारोह का आयोजन उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में संपन्न हुआ जिसमें सांदीपनि विद्यालय करेला की नृत्यं नाटिका प्रथम स्थान पर रही । इसमें नंदनी सोनी चित्रा पाटकर छवि पाटकर संजना सेन अंजलि सेन साधना जायसवाल लक्ष्मी रजक आंचल वर्मन राखी विश्वकर्मा गीता चक्रवर्ती प्रिया जायसवाल अनामिका कुशवाहा ने भाग लिया। श्लोक पाठ वरिष्ठ वर्ग में अंशुमान अवस्थी प्रथम स्थान पर रहे। चित्रकला कनिष्ठ वर्ग में अंशिका सोनी प्रथम स्थान पर रही। चित्रकला वरिष्ठ वर्ग में आदर्श सेन द्वितीय स्थान पर रहे। इस तरह विकाश खंड स्तरीय कालिदास समारोह में सांदीपनि विद्यालय करेला की छात्र एवं छात्राओं ने सभी विधाओं में सफलता प्राप्त की। इसके लिए विद्यालय के प्राचार्य आरके शुक्ला के मार्गदर्शन एवं सुश्री सुरक्षा लांझेवर संस्कृत शिक्षिका शैलेन्द कुमार पाण्डेय संस्कृत शिक्षक शैलेन्द्र सिंह संस्कृत शिक्षक विनोद कुमार शाक्यवार एवं अनिल दुबे का विशेष प्रयास रहा।

### लंबित शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम उपयुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा सोमवार को सी.एम. हेल्प लाइन के माध्यम से नगर निगम को प्राप्त शिकायतों पर संबंधित शाखा द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए संबंधित लेबल अधिकारियों को लंबित शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उपयुक्त श्री गुप्ता द्वारा बैठक के दौरान नगर निगम की साफ सफाई, आवारा मवेशियों , सिविल, पेयजल, सीवेज, सामान्य प्रशासन, भवन अनुज्ञा, अस्थाई अतिक्रमण, जन कल्याणकारी योजनाओं, राजस्व आदि विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सी.एम. हेल्पलाइन के प्रकरणों पर प्राथमिकता के साथ, समय सीमा में कार्यवाही करते हुए संतुष्टि के साथ शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

## कागजों पर चल रही हैं खदानें, जमीनी हकीकत में मची है तबाही

# शहडोल में खनन माफिया का साम्राज्य

### 95 प्रतिशत क्रेशर लीज क्षेत्र से बाहर निकाल रहे पत्थर

शहडोल। जिले में खनन माफिया का बोलबाला इस कदर बढ़ चुका है कि अब नियम-कानून केवल कागजों तक सिमट गए हैं। जिले के लगभग 95 प्रतिशत क्रेशर संचालक लीज एरिया से बाहर पत्थर निकाल रहे हैं, जबकि जिन खदानों की रॉयल्टी समाप्त हो चुकी है, वे भी खुलेआम संचालित हैं। प्रशासन की चुप्पी और विभागीय मिलीभगत के कारण सरकारी राजस्व को हर महीने लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। जिले में संचालित अधिकांश क्रेशरों द्वारा अवैध खनन खुलेआम जारी है। खनिज विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) की स्वीकृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट में दर्ज उत्पादन क्षमता से कई गुना अधिक मात्रा में पत्थर निकाला जा चुका है। स्रोत बताते हैं कि जिले के लगभग 95 प्रतिशत क्रेशर संचालक लीज क्षेत्र से बाहर पत्थर निकाल रहे हैं, जिससे राजस्व को करोड़ों की हानि हो रही है। खदानों की नापजोख वर्षों से नहीं हुई है। इसी का फायदा उठाकर क्रेशर संचालक लीज की सीमा के बाहर से खनन कर रहे हैं। कई खदानों से रॉयल्टी समय पर नहीं काटी जाती, बल्कि गिट्टी को पहले अवैध रूप से बेचा जाता है और बाद में कागजों में रॉयल्टी दिखाकर खनन को वैध ठहरा दिया जाता है।



### कागजों में खदानें चल रहीं

जिले में खनन की तस्वीर दो हिस्सों में बटी है, पहला वे खदानें जो कागजों पर चल रही हैं, लेकिन मौके पर अस्तित्व में ही नहीं हैं। दूसरा, वे खदानें जो मौके पर गहरी खाइयों में तब्दील हो चुकी हैं, जबकि कागजों पर बहुत कम खनन दिखाया गया है। जानकारी के अनुसार कई खदान संचालकों के पास खदान की स्वीकृति तो है, लेकिन वहां से एक भी पत्थर नहीं निकला, फिर भी रॉयल्टी जमा दिखाकर कागजी हिसाब-किताब पूरा कर दिया गया। इसके विपरीत कई खदानें ऐसी हैं जो जमीन को पूरी तरह खोद चुकी हैं, लेकिन रॉयल्टी रजिस्टर में कुछ ट्रक गिट्टी की मात्रा भर दिखाई गई है। खनिज विभाग ने इन खदानों का वास्तविक सर्वे या त्रक्कर्स/ड्रोन मैपिंग वर्षों से नहीं कराई है, जिससे खनन माफिया को खुली छूट मिल गई है।

### रॉयल्टी खत्म, फिर भी जारी अवैध कारोबार

जिले की अधिकांश खदानों की रॉयल्टी अवधि समाप्त हो चुकी है। कई खदान संचालकों ने पिछले महीनों में रॉयल्टी की राशि जमा ही नहीं की, जिसके कारण तकनीकी रूप से उन्हें खदान संचालन का अधिकार नहीं है। फिर भी, इन खदानों में रात-दिन पत्थर की खुदाई, ट्रांसपोर्टिंग और गिट्टी बिक्री जारी है। जानकारी के अनुसार जिन खदानों की रॉयल्टी समाप्त हो चुकी है, वे संचालक खनिज विभाग से सांठ-गांठ करके 60 प्रतिशत रकम देकर खदानें चालू रखे हुए हैं। इससे न केवल राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि वैध खदान संचालकों में भी नाराजगी है। सरकार ने ऐसे खदानों पर लाखों रुपये का जुर्माना लगाया है, लेकिन अब तक वसूली की कार्रवाई नहीं की गई। विभागीय सूत्रों का कहना है कि कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध खदानें कागजों में वैध दिखाई जाती हैं, जबकि मौके पर बड़े पैमाने पर अवैध खुदाई हो रही है।

### रॉयल्टी खत्म, फिर भी जारी गिट्टी कारोबार

### अवैध खनन का समानांतर नेटवर्क

शहडोल में गिट्टी कारोबार अब एक समानांतर अर्थव्यवस्था के रूप में फल-फूल रहा है। लीज क्षेत्र से बाहर निकलने वाले पत्थरों को अवैध रूप से परिवहन कर दूसरे जिलों में भेजा जा रहा है। खनिज चेकपोस्ट पर भी कई बार ट्रक बिना चालान या डुप्लीकेट परमिट के गुजरते देखे गए हैं। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि प्रत्येक खदान से निकलने वाली गिट्टी का केवल 30 प्रतिशत हिस्सा ही रॉयल्टी में दर्ज होता है, जबकि बाकी 70 प्रतिशत काले कारोबार के रूप में बाहर जाती है।

### प्रशासन की चुप्पी और जनता की नाराजगी

जिले में लगातार हो रहे अवैध खनन के बावजूद प्रशासन अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर पाया है। स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने मांग की है कि सभी खदानों की जीपीएस और ड्रोन से नापजोख कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो यह मामला पर्यावरणीय आपदा और बड़े राजस्व घोटाले का रूप ले सकता है।

### जवाबदेही तय होनी चाहिए

शहडोल जिले में जिस तरह से कागजों पर खदानें संचालित हैं और जमीन पर लूट जारी है, वह न केवल भ्रष्टाचार की गंध देता है बल्कि सरकारी तंत्र की नाकामी को भी उजागर करता है। यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई, तो यह अवैध खनन नेटवर्क आने वाले समय में राज्य सरकार के लिए बड़ा घोटाला साबित हो सकता है।

## कफ सिरप से नौनिहालों की मौत पर जताया दुख

# फार्मेसी की तस्करी राष्ट्रीय खतराः जितेन्द्र

**शहडोल। जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद् जितेन्द्र सिंह ने कफ सिरप से नौनिहालों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह फार्मेसी की तस्करी का दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम है, जो राष्ट्र के लिए घातक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि घटिया गुणवत्ता वाली औषधियां बनाने वाली कंपनियों के कारण देशभर में स्वास्थ्य सेवाएं खतरे में पड़ गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के प्रयासों के बावजूद, इस तरह की घटनाएं व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को उजागर करती हैं।**



जितेन्द्र सिंह ने कहा कि संबंधित चिकित्सकों द्वारा उपयोग में लाई गई कफ सिरप की गुणवत्ता की जांच क्यों नहीं की गई, यह सवाल स्वास्थ्य विभाग की जवाबदेही पर उठता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि औषधीय निगरानी और नियंत्रण की प्रणाली होते हुए भी दवा की गुणवत्ता पर ध्यान न देना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि फार्मेसी कंपनियां बड़े-बड़े अस्पतालों से मिलीभगत कर घटिया दवाएं महंगे दामों पर बेच रही हैं, जिससे मरीजों को लूटा जा रहा है। यहां तक कि गंभीर बीमारियों के नाम पर कैंसर और अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों से लाखों रुपये वसूले जा रहे हैं। यह फार्मेसी की तस्करी का खुला उदाहरण है, जिसमें निजी अस्पतालों की सीधी भूमिका है।जितेन्द्र सिंह ने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि इस तरह की दवा तस्करी पर कठोर नियंत्रण नहीं हुआ तो यह राष्ट्र के स्वास्थ्य तंत्र को पूरी तरह कमजोर कर देगा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अपील की है कि इस गंभीर मुद्दे पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



# उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**उमरिया।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का प्रारूप प्रकाशन 8 अक्टूबर को कर दिया गया है । प्रारूप प्रकाशन पश्चात 17 अक्टूबर तक दावे आपत्ति रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो व्दारा नियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों व्दारा लिए जाएंगे। उक्त आशय के विचार उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्टर सभागार में संपन्न स्टैंडिंग कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।उन्होने बताया कि फोटोयुक्त मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 14 नवंबर को किया जाएगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करके उन्हे फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के प्रकाशन की जानकारी से अवगत कराए।



बैठक में मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने पंचायत एवं नगरीय निकाय के मतदान केंद्रों की जानकारी, प्राधिकृत अधिकारियों, मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी, पंचायत, निकाय में 12 मई 2023 की स्थिति में मतदाताओ की जानकारी, विधानसभा की मतदाता सूची मे मतदाताओं की संशोधित जानकारी पंचायत की मतदाता सूची में संशोधित करने हेतु संशोधन वेरीफिकेशन की प्रगति जनपद पंचायतवार, जांच सूची मे दर्ज मतदाताओ की प्रगति जनपद पंचायतवार, विधानसभा की मतदाता सूची मे नए एवं बढे हुए मतदाताओ को नगर पालिका वार्ड अथवा जनपद पंचायत मे शिफ्ट के प्रगति सहित अन्य जानकारियां दी । बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ हरनीत कौर कलसी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ,मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से धनुषधारी सिंह, विजय कोल,राजीव सिंह,मिथिलेश राय,प्रदीप रजक,नीरज यादव सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे ।



# संभागीय उपायुक्त ने पाली विकासखंड के छात्रावासों का किया निरीक्षण



**उमरिया।** संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास शहडोल संभाग जे.पी. यादव ने पाली विकासखण्ड के बकेली में संचालित सीनियर जनजातीय बालक छात्रावास बकेली तथा जनजातीय आश्रम शाला बकेली का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन प्रदाय किया जाए। इस कार्य मंक लापरवाही नही बरती जाए। परिसर कक्षो एवं शौचालयों में साफ सफाई निरंतर रूप से कराई जाए। समय समय पर पालक समिति की बैठकों का आयोजन किया जाए इसके साथ ही छात्रावासों की पंजियों को समय सीमा में विधिवत संधारित किया जाए ताकिउसका अवलोकन किया जा सके। छात्रावास अधीक्षक कमलेश पटेल तथा भजन सिंह परस्ते की दो-दो वेतनवृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोके जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया । संभागीय उपायुक्त यादव द्वारा हाईस्कूल बकेली पहुंचकर प्राचार्य तथा शिक्षक स्टाफ से अध्यापन कार्य तथा परीक्षा की तैयारी, अच्छे परीक्षा परिणाम की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।उन्होंने आश्रम के बच्चों के साथ बैठकर शिक्षा का स्तर जाना और शिक्षकों को बेहतर पढ़ाई कराने के लिए सुझाव दिए। बच्चों के नाख़ून देखे और साफ सफाई पर जोर देने बच्चों को प्रेरित किया । उन्होंने अपने साथ लाई टॉफी भी बच्चों को वितरित की । उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे विद्यालय समय में केवल विद्यालय एवं विद्यार्थियों के उन्नत परिणाम के बारे में सोचे।कार्ययोजना तैयार करें जिससे गुणवत्तापूर्वक परीक्षा परिणाम आ सके। उन्होंने शिक्षकों में रीडिंग हैबिट को बढाने के लिए लाइब्रेरी में उपलब्ध विभिन्नि प्रकार की पुस्तकें पढने के सुझाव भी दिए।

# समर्पित संस्था का वित्तीय साक्षरता जन जागरूकता कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूजजमुना/बदरा।** अनूपपुर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता को व्यापक करने के उद्देश्य से देश के सभी राज्यों में 'वित्तीय साक्षरता केंद्र मनी वाइस की स्थापना की है जिसके अंतर्गत इस प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रदेश के 16 जिलों में क्रियान्वयन 'समर्पित संस्था' द्वारा किया जा रहा है इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज समर्पित संस्था के द्वारा 'प्रचार-प्रसार रथ सह कला जत्था दल को अनूपपुर अग्रणी बैंक के श्री दिलीप निगम ने' हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर दिलीप निगम ने लोगों को उचित वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से अपना जीवन सुरक्षित करने की अपील की। उक्त जानकारी देते हुए 'समर्पित संस्था के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि इन वित्तीय साक्षरता केंद्रों के माध्यम से लोगों को वित्तीय परामर्श उपलब्ध रहता है साथ ही शिविर बैठक जागरूकता कार्यक्रम सेमिनार कार्यशाला आदि माध्यमों से बैंकिंग जमा एवं निकासी डिजिटल बैंकिंग बीमा व पेंशन बचत वित्तीय प्रबंधन वित्तीय सुरक्षा व संरक्षण आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि वित्तीय साक्षरता जन जागरूकता को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने के लिए समर्पित संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छत्तीसगढ़ी बोली नाटक नृत्यों एवं एवं गीतों के माध्यम से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसकी शुरुआत आज की गई है यह रथ कला जत्था दल प्रदेश के सभी जिलों में जन जागरूकता अभियान चलाएगा। इस जन जागरण अभियान को सफल बनाने में परियोजना के स्टेट फील्ड ऑफिसर पीएल खैरवार क्षेत्रीय अधिकारी नारायण राठौर शिवानी सिंह किरण अग्रवाल रोहित कुमार मुस्कान केवट आदि अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं।



# फरार स्थाई वारंटी को रामनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज राजनगर। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एस.डी.ओ.पी. कोतमा के मार्गदर्शन में फरार वारंटियों एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना रामनगर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।**



थाना राजनगर पुलिस ने स्थाई वारंटी दिनेश यादव पिता छोटेलाल यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम भौता, थाना झगराखांड, जिला एमसीबी' को गिरफ्तार किया है। आरोपी न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 659/24, अपराध क्रमांक 311/2024, धारा 49 बीएनएस, 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम, तथा 6 मध्यप्रदेश कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम में फरार था। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दिनांक 07 अक्टूबर को घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

## खबर संक्षेप

### उप यांत्रियों की हड़ताल से विकास कार्य हो रहे प्रभावित



ब्यौहारी। जनपद पंचायत के ग्रामीण सेवा यंत्रिकी विभाग के उप यात्रियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर डेढ़ माह से हड़ताल पर हैं उनकी प्रमुख मांगे हैं उप यांत्रियों को सहायक के यंत्री बनाना टूर का यात्रा भत्ता दिलाना, इसके अलावा अन्य मांगों को लेकर डेढ़ माह से हड़ताल कर रहे हैं जिससे ग्राम पंचायत में विकास कार्य ठप हो गया है लेकिन सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं हड़ताल खत्म करने के लिए सरकार के प्रतिनिधियों ने अभी तक कोई बात नहीं की उप यंत्रियों ने मुख्यमंत्री से शीघ्र मांगे माने जाने की मांग की है।

### सीएम हेल्पलाइन में डाली फर्जी जानकारी

**अनूपपुर।** जनपद पंचायत जैतहरी की ग्राम पंचायत सिंघौरा में खेल मैदान समतलीकरण में कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। इस मामले में सीएम हेल्पलाइन में एक झूठी जांच रिपोर्ट दाखिल कर शिकायत को बंद कर दिया गया वही पंचायत समन्वय अधिकारी हेमंत पैकरा ने दावा किया है कि उन्होंने कोई जांच नहीं की और उनके नाम का दुरुपयोग किया गया है। वर्ष 2023-24 में माध्यमिक विद्यालय परिसर में खेल मैदान के समतलीकरण के लिए 2 लाख 5 हजार रुपए स्वीकृत किए गए थे। शिकायतकर्ता राजेश यादव का आरोप है कि पंचायत द्वारा न तो वास्तव में समतलीकरण कराया गया और न ही मुरम डलवाई गई। राजेश यादव ने 28 सितंबर 2025 को इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की थी। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद, जांच का प्रतिवेदन जनपद पंचायत जैतहरी के पंचायत समन्वय अधिकारी हेमंत पैकरा के नाम से प्रस्तुत किया गया। इस प्रतिवेदन में शिकायतकर्ता के आरोपों को झूठा बताया गया और यह भी दर्शाया गया कि मास्टर रोल आवास योजना एवं खेल तालाब निर्माण कार्य में प्रदर्शित हो रहे हैं। हालांकि, जब हेमंत पैकरा से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें सीएम हेल्पलाइन की कोई शिकायत मिली ही नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि जनपद पंचायत के एक बाबू ने मनमाने ढंग से उनका नाम जांच अधिकारी के रूप में इस्तेमाल कर झूठा प्रतिवेदन दिया है। शिकायत के अनुसार, बिना किसी मजदूर से कार्य कराए ही मास्टर रोल नंबर 17344, 5506, 17342, 15432, 15431, 15430, 15163 और 15008 भरकर कार्य की राशि निकाल ली गई। राजेश यादव ने आरोप है कि रोजगार सहायक, पंचायत सचिव और सरपंच पति ने मिलकर दूसरे व्यक्तियों के नाम पर जॉब कार्ड का उपयोग कर यह राशि हड़प ली।

### 4.9 मिमी वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 4.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र जैतहरी में 1 मिलीमीटर, अमरकंटक में 36.8 मिलीमीटर तथा बेनीबारी में 1.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

# धनपुरी में सोनी समाज ने मिलकर मनाई भगवान अजमेर देव की जयंती





### मेधावी छात्रों के सम्मान की घोषणा एकता और प्रगति पर रहा जोर

नरगड़ा नदी के समीप स्थित कांग्रेसी नेता स्वर्गीय शंभू प्रसाद सोनी की धर्मशाला में धनपुरी, बुढार एवं अमलाई क्षेत्र के सोनी समाज द्वारा संयुक्त रूप से भगवान अजमेर देव की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

धनपुरी।

इस अवसर पर धनपुरी नंबर 3 सहित आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम में धार्मिक उत्साह और समाजिक एकता का माहौल बना रहा।मुख्य अतिथि कैलाश सोनी ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही प्रगति की नई ऊँचाइयाँ छू सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सदस्य को शिक्षा, सेवा और सहयोग की भावना से आगे बढ़ना चाहिए। समाज के द्वारा नए सदस्यों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका पार्षद स्कंद सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की उन्नति के लिए हर व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देना चाहिए। सुनील सोनी ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं को समाज की ओर से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जो परिवार आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, उनके प्रतिभाशाली बच्चों की शिक्षा में समाज हरसंभव सहायता करेगा।इस अवसर पर सुनील सोनी, राजेश सोनी, लक्ष्मण सोनी, पत्रकार चंद्रिका सोनी, छोटेलाल सोनी, रतन सोनी, सुशील सोनी, प्रदीप सोनी (बुढार), अशोक सोनी, शैलजा सोनी, सुनील कुमार सोनी, सारिका सोनी, सरोज सोनी, शुभांगी सोनी, स्वर्णिका सोनी, दिनेश सोनी और इंदिरा सोनी सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज के वरिष्ठजनों ने एकता, शिक्षा और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## मैनपावर बजट पर एटक यूनियन की बड़ी जीत, योग्य श्रमिकों को जल्द मिलेगी पदोन्नति, एक सप्ताह के भीतर पूरी होगी प्रक्रिया, प्रबंधन ने वार्ता में दिया आश्वासन

धनपुरी।



रामपुर बटुरा (सोहागपुर क्षेत्र) एटक यूनियन के निरंतर प्रयासों और श्रमवीर साथियों की एकजुटता आखिरकार रंग लाई। वर्ष 2024-25 के मैनपावर बजट में पदोन्नति योग्य श्रमिकों के लिए राहतभरी खबर आई है। प्रबंधन ने यूनियन को आश्वस्त किया है कि एक सप्ताह के भीतर सभी पात्र एवं योग्य श्रमिकों की पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।यह आश्वासन मंगलवार को एटक यूनियन द्वारा दी गई स्ट्राइक नोटिस के संबंध में प्रबंधन और यूनियन के बीच हुई वार्ता के दौरान मिला। यूनियन की ओर से अध्यक्ष आफताब आलम और सचिव राकेश गुप्ता ने प्रतिनिधित्व किया।अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि यह सफलता सभी श्रमवीर साथियों की एकता, संघर्ष और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एटक यूनियन ने हमेशा मजदूर हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और भविष्य में भी संगठन के बल पर हर हक की रक्षा की जाएगी।सचिव राकेश गुप्ता ने बताया कि मैनपावर बजट में लापरवाही को लेकर संगठन लगातार आवाज उठा रहा था। जब प्रबंधन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई, तो यूनियन ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए स्ट्राइक नोटिस जारी किया था। इसके बाद ही प्रबंधन को वार्ता के लिए आगे आना पड़ा।दोनों नेताओं ने सभी श्रमवीर साथियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा —संगठन की शक्ति ही हमारी असली ताकत है,जब तक मजदूर एकजुट हैं, कोई अधिकार छीना नहीं जा सकता।"यूनियन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि तय समय में पदोन्नति प्रक्रिया पूरी नहीं की गई, तो संगठन अगले चरण के आंदोलन के लिए तैयार है। इस निर्णय से क्षेत्र के मजदूरों में खुशी और उत्साह का माहौल है।

## घुनघुटी के आसपास ही रहता है हाथियों का डेरा

घुनघुटी शहडोल



घुनघुटी के जंगल में लगातार हाथियों का झुंड रहता है रात में आसपास के खेतों में घुस कर धान के फसलों को नष्ट कर रहे हैं घुनघुटी के किसानों को भारी नुक्सान हो रहा है धान की खेती लगभग चोपट ही कर दिया है वन विभाग की तरफ से मुआवजा दिया जा रहा है पर किसानों का कहना है कि जितनी लागत खेतों में लगी है उसके हिसाब से मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

### सरकारी अस्पताल में नर्स से छेड़छाड़

**शहडोल।** जिले के देवलोंद थाना क्षेत्र स्थित एक सरकारी अस्पताल में ड्यूटी कर रही नर्स के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी एक सड़क दुर्घटना में घायल होकर इलाज के बहाने अस्पताल पहुंचा था, जहां उसने नर्स के साथ अशोभनीय हरकत की। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अस्पताल में पदस्थ महिला नर्स ड्यूटी पर थी और मरीजों का इलाज कर रही थी। तभी सड़क हादसे में घायल हुआ राजेश बैस पिता रामकरण उपचार कराने अस्पताल आया। नर्स जब एक अन्य मरीज को इंजेक्शन लगा रही थी, तभी आरोपी उसके पास खड़ा था और उसने अचानक अनुचित तरीके से छेड़छाड़ कर दी। महिला नर्स ने तत्काल शोर मचाकर आसपास मौजूद लोगों को बुलाया, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी नर्स ने अपने परिजनों को दी, जिसके बाद वे उसे लेकर देवलौंद थाने पहुंचे और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई।

## देवलौद में गूंजा भारत माता का जयघोष- स्वयंसेवकों का अनुशासित पथ संचलन बना देशभक्ति का प्रतीक

बाणसागर शहडोल




बाणसागर नगरी देवलौद में बुधवार की सायंकाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा अनुशासन, उत्साह और देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य पथ संचलन निकाला गया।नगर के प्रमुख मार्गों पर जब बैंड-बाजे की देशभक्ति से भरी धुनों पर स्वयंसेवकों की सटीक कदमताल गूंजी, तो पूरा नगर राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर हो उठा।यह संचलन नगर कार्यवाह एवं संघ अधिकारियों के दिशा-निर्देशों में सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। स्वयंसेवकों की संगठित पंक्तियाँ, एक समान वेशभूषा और सधे हुए कदम अनुशासन एवं संगठन का प्रेरणादायी उदाहरण बन गए।पथ संचलन प्रतिदिन शाखा लगने वाले मैदान से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः उसी स्थान पर संपन्न हुआ, जहाँ प्रार्थना एवं गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।संपूर्ण नगर "भारत माता की जय, वंदे मातरम्" और "जय श्रीराम" के जयघोषों से गूंज उठा।नगरवासी जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया।थाना देवलौद पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में पूर्ण रूप से मुस्तैद रहा।संचलन के आगे-पीछे पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर देवलौद का वातावरण देशभक्ति, संगठन और अनुशासन की भावना से ओतप्रोत रहा।नगरवासी इस प्रेरणादायी और गरिमामय पथ संचलन को लंबे समय तक स्मरण करते रहेंगे।

# जंगल की जमीन में बना दी पुलिया सरपंच को जारी हुई नोटिस

ब्यौहारी।

जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरवाही कला की सरपंच संतोषी सिंह को वन विभाग द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1927 के तहत नोटिस जारी किया गया है क्योंकि उनके द्वारा जंगल की जमीन पर पुलिया का निर्माण कराया गया है पुलिया ग्राम पंचायत के झंडहा टोला में बनी है जहां पर ग्राम पंचायत को पार्टी बनाया गया है इस प्रकरण की पेशी जिसकी पेसी सिविल न्यायालय में 9 सितंबर को होगी सबसे मजेदार बात यह है कि इस निर्माण में इंजीनियर अल्केश सिंह की भी भूमिका है क्योंकि उनके द्वारा बिना जांच किए कैसे बनी भूमि पर टीएस कर दिया गया इसके साथ ही वन समिति के अध्यक्ष मौरध्वज गुप्ता जिनको जिनकी जिम्मेदारी वन भूमि सुरक्षित करने की है उनके द्वारा ही वन भूमि अतिक्रमण कराया जा रहा है।



### बीट गार्ड भी जिम्मेदार

ग्राम सरवाही कला पूर्वी रेंज के अंतर्गत आता है वहां के बीट प्रभारी द्वारा पुलिया को बन जाने दिया गया इसकी सूचना वन विभाग को नहीं दी जो पूरी तरह से गलत है जबकि वन विभाग के वीट गाड्र्स के जिम्मेदारी होती है अपने वीट में निरंतर भ्रमण करें कि कोई भी अवैध गतिविधि वन क्षेत्र में होती है तो उसकी सूचना रेंज ऑफिसर को देना है लेकिन पुलिया एक-दो दिन में तो बनी नहीं होगी उसमें महीनो का समय लगा होगा तो आखिर बीट गार्ड और डिप्टी डेंजर क्या कर रहे थे उनकी भी मिली भगत सामने आ रही ग्राम पंचायत के सरपंच के साथ उपसरपंच स्थानीय भाजपा नेता विक्रमादित्य गुप्ता भाजपा के मंडल मंत्री द्वारा दबाव बनाकर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है ग्राम वासियों ने कलेक्टर से शीघ्र अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है।

## फार्मेसी की तस्करी राष्ट्र के लिए घातक

### कफ सिरफ से नौनिहालों की मौत फार्मेसी के तस्करी का दुष्परिणाम- जितेन्द्र सिंह

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कफ सिरफ से नौनिहालों की मौत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद ने कहा कि जहरीले कफ सिरफ से नौनिहालों की मौत फार्मेसी के तस्करी का दुष्परिणाम है तथा गुणवत्ताविहीन औषधि निर्माताओं द्वारा बनाने से नौनिहालों की मौत किसी त्रासदी से कम नही है। जहाँ एक ओर राष्ट्र के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी बच्चो, महिलाओं के स्वास्थ्य के लिये विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं तथा स्वास्थ्य सुविधाओ को बढ़ाने के लिये अनेको मेडिकल कॉलेज की स्थापनी की जा रही है वहीं दूसरी ओर कफ सिरफ के उपयोग से नौनिहालों की मौत ने संपूर्ण राष्ट्र को झकझोर कर रख दिया है जिससे स्वास्थ्य सेवायें कलंकित हुई है। जितेन्द्र सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा इसके लिए पूर्ण उत्तरदायी है साथ ही चिकित्सक द्वारा जो चिन्हित कफ सिरफ लिखकर नौनिहालों को मौत के मुंह पर खड़ा किया ये सभी संबंधित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इसके पूर्ण जिम्मेदार है।



**उपयोग के पूर्व क्यों नही की गई गुणवत्ता की जांच-** श्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक राज्यों में औषधि नियंत्रक की पदस्थापना होती है तथा प्रत्येक जिले में औषधि निरीक्षक रहते हैं। कफ सिरफ के गुणवत्ता की जांच क्यों नही की गई? इससे सिद्ध होता है कि इस हृदय विदारक घटना के लिए स्वास्थ्य विभाग पूर्णतया जिम्मेदार है। जितेन्द्र सिंह ने चिन्ता जाहिर करते हुये कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष में फार्मेसी की तस्करी राष्ट्र के लिए घातक साबित हो रही है। फार्मेसी कंपनियाँ बड़े-बड़े अस्पतालों से संबंध बनाकर फार्मेसी की तस्करी करते हैं तथा औषधियों को बेतहाशा मूल्य पर मरीजों को विक्रय करते हैं तथा निजी अस्पतालों के मैनेजमेंट से मिलकर मरीजों को लूटा जाता है। यहाँ तक कि गंभीर बीमारी से पीड़ति मरीजों को तो औषधियां भारी-भरकम मूल्य पर बेची जाती है। मजबूरन मरीज दवा क्रय करता है। इस प्रकार खुली लूट द्वारा निजी अस्पतालें फार्मेसी की तस्करी करती हैं। कैंसर पीड़ति रोगियों की इम्यूनो थेरेपी के नाम से लाखो रूपये लूटे जाते हैं पर पूरी सरकार के अधिकारियों की हिस्सेदारी से मरीज को लूटने में कोई रोक टोक नही है। श्री सिंह ने कहा कि मैं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से निवेदन कर रहा हूँ कि निजी अस्पतालों में फार्मेसी की हो रही तस्करी की सी.बी.आई. जाँच कराकर मरीजों के साथ हो रही लूट पर कार्यवाही कराने का कष्ट करें। स्वतंत्र भारत में फार्मेसी की तस्करी राष्ट्र के लिए घातक है और यदि इस पर नियंत्रण नही हुआ तो राष्ट्र को कलंकित होने से नही बचाया जा सकता।

# जिले में 12 से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में 12 से 14 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. वर्मा, सिविल सर्जन डॉ. एस. आर. परस्ते, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एम. एस. श्याम, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विनोद परस्ते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पल्स पोलिया अभियान के दौरान जिले के प्रत्येक पोलियो बूथ पर प्रशिक्षित टीकाकर्मी समय पर उपस्थित रहें। घर-घर जाकर जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरूकता के लिए प्रचार वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाए। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षकों का सक्रिय सहयोग लिया जाए। किसी भी स्थिति में कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक या टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी 12 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दौरान निगरानी दलों के माध्यम से सतत मॉनीटरिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त भारत हमारा सामूहिक लक्ष्य है। प्रत्येक नागरिक के सहयोग से ही इस अभियान की सफलता है। अभियान सुचारू एवं प्रभावी रूप से सम्पन्न हो, इसके लिए समस्त विभागों के अधिकारी समन्वयपूर्वक कार्य करें। बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत कुल 1 लाख 13 हजार 666 बच्चों का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले में 998 टीमें बनाई गई हैं, जिसमें 2 हजार 36 सदस्य और 108 सुपरवाईजर बनाए गए हैं।

# ओरिएंट पेपर मिल के कर्मचारियों ने खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया शानदार प्रदर्शन

अमलाई।



श्रम कल्याण मंडल भोपाल द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में ओरिएंट पेपर मिल (ओपीएम) के कर्मचारियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता में ओपीएम के सीओओ सी.एस. काशिकर के संरक्षण, एचआर प्रमुख रवि प्रकाश सिंह एवं जीएम (आईआर) सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में, कल्याण अधिकारी नागेन्द्र यादव के समन्वय से ओपीएम के कर्मियों ने भाग लिया।कार्यक्रम में शहडोल संभाग के अंतर्गत शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर जिलों के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों ने भाग लिया। ओरिएंट पेपर मिल की ओर से कल्याण अधिकारी नागेन्द्र यादव ने ओपीएम की टीम का नेतृत्व किया।ओपीएम की टीम ने कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कबड्डी (पुरुष वर्ग) टीम A ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी (पुरुष वर्ग) टीम B रही उपविजेता।100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में करण पनिका ने प्रथम स्थान हासिल किया।इसके अलावा खिलाड़ियों ने तवा फेक, गोला फेक, कबड्डी और वॉलीबॉल जैसी स्पर्धाओं में भी उपविजेता रही। विजेता खिलाड़ियों में शैलेन्द्र कुमार (तवा फेक), करण पनिका (लंबी कूद एवं ऊंची कूद), श्रुकन्थ (गोला फेक), सहित अन्य खिलाड़ी प्रमुख रहे ।समापन अवसर पर विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।कंपनी प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों में अनुशासन, स्वास्थ्य और टीम भावना को सुदृढ़ करते हैं।खेलकूद समिति ने बताया कि ओरिएंट पेपर मिल के कर्मचारी हर वर्ष की तरह इस बार भी अपनी प्रतिबद्धता और खेल प्रतिभा से सबका ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### विजयराघवगढ़ विधानसभा प्रभारी बने मयंक त्रिपाठी



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वोट चोरी के खिलाफ 5 करोड़ हस्ताक्षरों का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी के आह्वान पर मध्य प्रदेश में प्रत्येक विधानसभा में घर-घर एवं सार्वजनिक जनसंपर्क के माध्यम से यह अभियान गति पकड़ रहा है।इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभावार प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जिन्हें मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण एवं हस्ताक्षर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में अनूपपुर जिले के कांग्रेस नेता मयंक त्रिपाठी को कटनी जिले की विजयराघवगढ़ विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि मयंक त्रिपाठी वर्ष 2008 में एनएसयूआई के जिला महासचिव, वर्ष 2011 में युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष, वर्ष 2014 में लोकसभा महासचिव (युवा कांग्रेस), वर्ष 2016 में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं वर्ष 2017 में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में संगठन में सक्रिय रूप से सेवा दे चुके हैं। प्रभारी नियुक्त किए जाने पर मयंक त्रिपाठी ने कहा कि मैं संगठन और नेतृत्व का आभारी हूं। 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान को सफल बनाने के लिए मैं पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करूंगा। पार्टी और नेतृत्व जो भी दायित्व देगा, उसका मैं पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करूंगा।

### पड़ोसी नाबालिग ने बच्ची का किया दुष्कर्म



अनूपपुर। जिले के राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना को पड़ोस में रहने वाले 15 साल के नाबालिग लड़के ने अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। राजेंद्र ग्राम एसडीओपी नवीन तिवारी के मुताबिक, घटना 7 अक्टूबर की शाम की है। बच्ची अपने घर से कुछ दूर आरोपी के घर के पास खेल रही थी, तभी आरोपी उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और वहां दुष्कर्म किया। आरोपी के घर से निकलने के बाद बच्ची जब अपने घर पहुंची तो वह दर्द में थी। उसके कपड़ों और शरीर पर खून लगा हुआ था। बच्ची की मां ने यह देखकर उससे पूछा, जिसके बाद बच्ची ने पूरी घटना मां को बताई। परिजनों ने तत्काल डायल 112 पर इसकी शिकायत की। इसके बाद बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले की जानकारी मिलने पर डीआईजी सविता सुहाने अनूपपुर पहुंचीं और अस्पताल में भर्ती बच्ची का हालचाल जाना।

### धान उपार्जन के लिए अब तक 17788 किसानों ने कराया पंजीयन

अनूपपुर। किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए शासन द्वारा किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जाएगा। उपार्जन के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन होना आवश्यक है। ऑनलाइन पंजीयन 10 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिले में 23 धान खरीदी केन्द्रों में किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। अब तक 17788 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### आवारा गोवंश के निवास व्यवस्था के लिए सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



अनूपपुर। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल अमरकंटक के द्वारा आवारा गोवंश पशुओं के निवास व्यवस्था हेतु सीएमओ अमरकंटक चैन सिंह परस्ते को ज्ञापन सौंपा गया। अमरकंटक में आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में हो रहे गोवंशों की मृत्यु को रोकने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त प्रयास से ज्ञापन दिया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अमरकंटक के अध्यक्ष अंकुश द्विवेदी, प्रखंड मंत्री अभिषेक पांडे, प्रखंड सह संयोजक शिवाजी पांडे, ऋषभ समुद्रे, आनंद माझी, अंकित गुप्ता, अभिषेक शर्मा, लिकेश्वर सोनवानी, मयंक मोगरे, रुद्रांश तोमर, आयुष सिंह, शुभम पाठक एवं बजरंग दल के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आधुनिक दौर में करवा चौथ का क्रेज

# चलनी की ओट से कल पति का दीदार करेंगी सुहागिन

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र महिलाओं का लोकप्रिय पर्व करवा चौथ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। पर्व-त्योहारों और सांस्कृतिक परंपराओं में करवा चौथ व्रत का विशेष स्थान है। यह पर्व सुहागिन स्त्रियों के समर्पण, आस्था और प्रेम का प्रतीक है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/राजनगर।



भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के रिश्ते को अक्षय और पवित्र बनाने वाली परंपराओं में करवा चौथ का विशेष महत्व है। यह पर्व पूरे उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। करवा चौथ केवल एक व्रत या रस्म नहीं, बल्कि भारतीय समाज की उस धरोहर का प्रतीक है जिसमें रिश्तों में त्याग, प्रेम और समर्पण की भावना झलकती है. यह त्योहार परिवार को जोड़ने और रिश्तों में नयी ऊर्जा भरने का अवसर प्रदान करता है।

करवा चौथ का पर्व हर साल कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। मान्यता है कि इस व्रत से दांपत्य जीवन में प्रेम और विश्वास और गहरा होता है. इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इसलिए नवविवाहितों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह रहता है।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

करवा चौथ पूजन को लेकर इस बार लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। यज्ञाचार्य पंडित सुनील तिवारी बताते हैं कि हिंदू पंचांग के अनुसार चतुर्थी तिथि नौ अक्तूबर की रात 10:54 बजे से शुरू होकर 10 अक्तूबर की शाम 7:57 बजे तक रहेगी. अर्थात चतुर्थी तिथि के अनुसार करवा चौथ 10 अक्तूबर को मनाया जायेगा। पूजन का क शुभ मुहूर्त शाम छह बजकर 55 मिनट से सात बजकर 57 मिनट तक रहेगा. इस दौरान कृत्तिका नक्षत्र रहेगा. चंद्रमा हैं को अर्घ देकर जल ग्रहण कर व्रत खोला जायेगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं सूर्योदय से लेकर चंद्रमा उदय तक निर्जला उपवास रखती हैं. पूजा के समय मिट्टी या तांबे के करवे (घड़े) का विशेष महत्व होता है। शाम के समय महिलाएं सज-धज कर पूजा-अर्चना करती हैं. करवा चौथ की कथा सुनती हैं और एक-दूसरे को करवा और मिठाई बांटती हैं. रात में चांद का दर्शन कर, छलनी से पति का चेहरा देखकर अर्घ अर्पित किया जाता है और जल ग्रहण कर व्रत खोला जाता है।

### आधुनिक दौर में करवा चौथ का क्रेज

आधुनिक युग में करवा चौथ केवल पारंपरिक व्रत ही नहीं, बल्कि दांपत्य जीवन में उत्सव और रिश्तों को मजबूत बनाने का अवसर बन गया है। अब कई जगह पति भी पत्नी की लंबी आयु और रिश्ते की मजबूती के लिए व्रत रखते हैं। हालांकि यह व्रत विभिन्न समुदायों में अलग-अलग रूप से होता है, पर इसकी लोकप्रियता अब व्यापक हो गयी है। नयी पीढ़ी की महिलाएं भी इसे उत्साहपूर्वक करती हैं। पारंपरिक रूप से यह व्रत सजना-संवरना, सोलह श्रृंगार, महीनों पहले से शॉपिंग, फोटो शूट, सेल्फी और पति से उपहार पाने जैसे आधुनिक रंगों में भी रच- रच-बस गया है।




# अमरकंटक में 69वीं शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

अमरकंटक के क्रीड़ा परिसर ग्राउंड में बुधवार को 69वीं शालेय राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को तथा एडीएम दिलीप पांडेय उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर एवं स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। ज्ञात हो कि अमरकंटक के इतिहास में पहली बार सेपकटकरा खेल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है। प्रतियोगिता मे प्रदेश के लगभग 8 संभागों से 243 खिलाड़ी (बालक एवं बालिकाएं) 14, 15 एवं 17 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन मैच जनजाति कार्य विभाग वर्सेस शहडोल संभाग के बीच में खेला गया जो मैच तीन राउंड का था जिसमें जनजाति कार्य विभाग ने 15 अंकों से जीत दर्ज की। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश ध्वज फहराकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह, रणजीत सिंह, प्रकाश द्विवेदी, सुखनंदन सिंह, उषा बाई बिरू तंबोली, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आशीष शुक्ला, कल्याणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामसेवक कुशवाहा, शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के अधिकारीगण, पत्रकार उमाशंकर पाण्डेय 'मुन्नू', सोमू दुबे, अंजय तिवारी, विपुल बर्मन ने शिरकत की। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ खेल का भरपूर आनंद लिया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

# मां मनोकामना का 19 को होगा आगमन तो 22 को भीगी आंखों से होगी विदाई

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



मां मनोकामना के भक्त शुभम ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अक्टूबर को अनूपपुर स्थित राम जानकी मंदिर के पास मां मनोकामना का आगमन होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि मां मनोकामना का छठवें वर्ष में प्रवेश होने जा रहा है। साथ ही सभी नगर वासियों से उन्होंने अपील की है कि सभी नगर वासी अपने व्यस्ततम जीवन से समय निकालकर मां मनोकामना की सेवा एवं आराधना में अपना अमूल्य समय जरूर लगाए। मां मनोकामना के भक्त शुभम ठाकुर ने कहा कि बीते सभी वर्षों में सभी नगर वासियों का हमारी समिति को भरपूर स्नेह प्रेम एवं सहयोग प्राप्त हुआ है। जिसकी वजह से हमारी समिति निरंतर मां काली के भव्य पूजन को साल दर साल और अधिक भव्यता एवं सुंदरता के साथ मनाते आ रही हैं एवं आशा करते हैं आप सभी नगर वासियों का सहयोग हमें इस वर्ष एवं आने वाले प्रत्येक वर्षों में बढ़ चढ़कर मिलता रहेगा। जिससे हमारी समिति आने वाले वर्षों में इस पूजन को और भी अधिक भव्य एवं दिव्य बनाने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा कि मां मनोकामना की कृपा एवं आशीर्वाद आप सभी पर सदैव बना रहे।माता रानी सभी के कष्टों को हरे एवं सभी का भंडार भरे। कार्यक्रम का विवरण देते हुए बताया कि 19 अक्टूबर को बाजे गाजे के साथ मां का भव्य आगमन होगा वही एकत्रीकरण राम जानकी मंदिर अनूपपुर वार्ड क्रमांक 4 मे समय शाम 4 बजे होगा। 20 अक्टूबर को मां काली की विशेष पूजा अर्चना एवं हवन रात्रि 12 बजे से प्रातः तक होगा। 21 अक्टूबर को भव्य कन्या पूजन एवं विशाल भंडारा दोपहर 12 बजे से एवं शाम 7 बजे अनूपपुर की भव्य एवं दिव्य प्रसिद्ध महा आरती एवं महाप्रसादी वितरण होगा। 56 भोग एवं भक्ति एवं ममता मयी भजनों के साथ मां की आराधना एवं देवी जागरण भी होगा। 22 अक्टूबर प्रातः सिंदूर रश्म के पश्चात शाम 4.00 बजे मां मनोकामना अपने भक्तों को अंतिम दर्शन देने हेतु नगर भ्रमण के लिए निकलेंगी तत्पश्चात भीगी आंखों से मां की विदाई श्री दुर्गा मंदिर मढ़िया प्रांगण में स्थित तालाब मे किया जायेगा।

# पत्रकार पुनीत सेन की मां के निधन से पत्रकारों में शोक, अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संभागीय कोषाध्यक्ष पत्रकार पुनीत कुमार सेन की माताजी श्रीमती मीरा सेन का अस्वस्थता के कारण उनके निज निवास वार्ड क्रमांक 5, कोतमा में निधन हो गया। दिवंगत आत्मा की अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से मुक्तिधाम वार्ड क्रमांक 4 मे किया गया। इस दुखद समाचार के पश्चात परिषद के सभी पदाधिकारियों व पत्रकार साथियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी राजेश शुक्ला प्रदेश सचिव कमलेश मिश्रा, संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, संभागीय संरक्षक मंडल अध्यक्ष कैलाश पांडेय, संरक्षण मंडल के महासचिव अरूण ओटवानी, संभागीय उपाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा, संभागीय सचिव श्याम तिवारी, अनूपपुर संरक्षक मंडल के अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल,परिषद के समाज कल्याण प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष अंकित शुक्ला, अनूपपुर जिला के अध्यक्ष अमित शुक्ला, परिषद के जिला महामंत्री श्रवण उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, जिला प्रवक्ता भगवान दास मिश्रा, जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शुक्ला, संदीप द्विवेदी, शैलेंद्र द्विवेदी, जिला सचिव संतोष चौरसिया, चंदन केवट, धर्मेन्द्रकांत तिवारी, जिला के कार्यालय मंत्री बृजेश राठौर,कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी, ब्लॉक उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश उपाध्याय निगवानी, नरेंद्र मिश्रा बिजुरी, ब्लॉक महासचिव संस्कार गौतम, ब्लॉक सचिव मोहम्मद जावेद हुसैन उर्फ गजल बिजुरी, संगठन मंत्री अधिकलाल यादव राजनगर, जैतहरी ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीनाथ तिवारी, उपाध्यक्ष मदनमोहन मिश्रा, महासचिव पकंज पंजवानी, अनूपपुर अध्यक्ष दिगंबर शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष अनूपपुर अमित तिवारी, ब्लॉक महासचिव अजय नामदेव, ब्लॉक सचिव निगमदास चौधरी एवं पुष्पराजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सोमू दुबे सहित गिरीश राठौर, विनोद विन्धेश्वरी पांडेय, हरि उपाध्याय, राजेश चौधरी, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, नीरज द्विवेदी, दुर्गा प्रसाद यादव, अजीत तिवारी, अमीन वारसी, आर.सी. मिश्रा, प्रकाश तिवारी (मोंटी), महेश प्रसाद मिश्रा कोतमा, गौरव दाहिया, बृजेश जायसवाल, रमेश जायसवाल, राजेश सिंह, राजकुमार शुक्ला, संतोष झा, संजीव पांडे, डी.एस. राव, सुनील मिश्रा, प्रमोद तिवारी, धनंजय तिवारी, रामचरण मिश्रा, अरविंद मिश्रा, पुष्पेंद्र उमर्लिया, अनिल कुमार सोनी, आशीष तिवारी, राजकुमार यादव, दिनेश केवट, अरूण त्रिपाठी, बबलू मिश्रा, चेतराम शर्मा, इंद्रपाल यादव, अमित कुमार बैंस, प्रहलाद गुप्ता, पवन गौतम, मनोज जैन, बृजेश द्विवेदी, अनिल राठौर, विजय राठौर, सूरज राठौर, होलकर मंडावी, अजय रस्तोगी आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि सेन परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करें तथा दिवंगत आत्मा को मोक्ष प्रदान करे।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वामी विवेकानंद विद्यार्थी भवन का प्रथम स्थापना

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रणाम नर्मदा युवा संघ अमरकंटक द्वारा ग्राम लालपुर में संचालित स्वामी विवेकानंद विद्यार्थी भवन का प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम शरद पूर्णिमा के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में लालपुर ग्राम के निवासियों के लिए पारंपरिक खेल जैसे दौड़, रस्साकसी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ आदि का आयोजन किया गया जिसमें सभी उम्र के लोगों ने हिस्सा लिया द्य इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया द्यउपस्थित सभी ग्राम के निवासी तथा अतिथियों को प्रसाद वितरण किया गया द्य कार्यक्रम मे अतिथि के रूप में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक से प्रो. अलोक श्रोतिया, डॉ कुंजबिहारी सुलाखिया, वन अधिकारी वीरेन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

**प्रथम तल निर्माण की शुरुआत-** शरद पूर्णिमा पर आयोजित वार्षिक उत्सव के अवसर पर स्वामी विवेकानंद विद्यार्थी भवन के प्रथम तल निर्माण हेतु विधिवत पूजन किया गया तथा निर्माण कार्य हेतु सहयोग एकत्रीकरण का शुभारंभ पोस्टर विमोचन करके किया गया द्य विदित हो की विगत वर्ष भी संस्था द्वारा जन सहयोग से इस भवन का भूतल का निर्माण कराया गया था जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर सहयोग प्रदान किया था।

**शिक्षा के साथ संस्कार और कौशल प्रशिक्षण भी-**यह विद्यार्थी भवन जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में पढ़ने वाले जरूरतमंद छात्रों को निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध करा रहा है, यहाँ शिक्षा के साथ, संस्कार, कौशल प्रशिक्षण तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी का भी ज्ञान कराया जाता है द्य इस विद्यार्थी भवन में निवासरत छात्रों से फीस के रूप में प्रत्येक दिवस समाज के लिए एक घंटा का समय लिया जाता है जिसमें ये छात्र गाँव के बच्चों को निःशुल्क कोचिंग पढ़ाते हैं और यही इनकी फीस होती है। यह विद्यार्थी भवन का निर्माण एवं संचालन पूर्ण रूप से समाज के सहयोग से हो रहा है।

# पत्नी का हत्यारा पति चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।



थाना करनपठार में दर्ज अप. क्र. 282/25 धारा 103(1) बी. एन. एस. के आरोपी शिव प्रसाद बैगा पिता पति राम बैगा उम्र 35 वर्ष निवासी अखडार थाना शाहपुर जिला डिण्डौरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार वरकडे थाना प्रभारी थाना करनपठार के नेतृत्व उप निरी. मंगला प्रसाद दुबे मय हमराही स्टाफ प्रआर. राम प्रसाद मरावी, कमल सिंह मसराम, फूल सिंह, आर. भानू प्रताप सिंह चौकी सरई, विनोद कुमार अयाम थाना करनपठार द्वारा चौकी सरई में दर्ज देहाती मर्ग इन्टीमेशन मर्ग क्र. 0/25 धारा 194 बी. एन. एस. एस. एव देहाती नालसी अप. क्र. 0/25 धारा - 103(1) बी. एन. एस. बाद थाना करनपठार में दर्ज असल अप. क्र. 282/25 धारा 103(1) बी. एन. एस. के घटना का सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को देते हुये एफएसएल टीम शहडोल की मदद से आरोपी शिव प्रसाद बैगा पिता पति राम बैगा उम्र 35 वर्ष निवासी अखडार थाना शाहपुर जिला डिण्डौरी का जो घटना को अंजाम देने के पश्चात अपने आप को बचाव के दृष्टि से पत्नी की हत्या कर फ़रार होकर कही अन्यत्र स्थान भागने की फिराक में था जिसे काफी मशक्कत के बाद मुखबिरो कर मदद से आरोपी को ग्राम तरंग गिरफ्तार किया गया।

# रामनगर पुलिस को चोरी के मामले में मिली सफलता, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज राजनगर।



पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस को चोरी के मामले में एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। फरियादी अजय जायसवाल पिता स्व. मिठाई लाल जायसवाल उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06, गोपाल पण्डाल भगत चौक, रामनगर ने थाना रामनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17.08.2025 को रात्रि लगभग 10:30 बजे वह अपनी इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान का सटर बंद कर घर चला गया था। अगले दिन 18.08.2025 को जब उसने दुकान खोली तो पाया कि दुकान की सीट तोड़कर अंदर रखा सामान 03 नग 42 इंच मोंटेक्स कम्पनी टी.वी. एवं 02 नग 24 इंच कोनिक कम्पनी टी.वी. अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट पर थाना रामनगर में अपराध क्रमांक 224/25 धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्राप्त मुखबिर सूचना पर पुलिस ने आरोपी रघुवीर साहू उर्फ लाला पिता होरीलाल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ी थाना कोतमा को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर आरोपी ने अपने साथी ललन साहू पिता राममिलन साहू निवासी ग्राम गढ़ी के साथ मिलकर बाइक क्र. एमपी 65 एमसी 7679 से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी रघुवीर साहू से उसके हिस्से की चोरी की गई 02 नग स्क्व टी.वी. एवं चोरी में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। सह-आरोपी ललन साहू फरार है, जिसकी तलाश की जाकर शेष मशरूका बरामद की जाएगी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, ए.एस.आई. विनोद नाहर, अशोक सिंह, प्र.आर. राहुल प्रजापति, आरक्षक अनुराग भार्गव, मृगेन्द्र पटेल एवं अनुराग सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।